संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली

वार्षिक रिपोर्ट 1978-79

संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली

वार्षिक रिपोर्ट 1978-79

विषय सूची

	पृष्ठ
प्रस्तावना	i-iii
श्रद्धांजलियां	1
संगठन-व्यवस्था	1-3
बैठकें	3-4
अकादमी अधिसदस्यता एवं पुरस्कार 1978	4-5
मानाभिषेक	5-6
उत्सव तथा कार्यक्रम	6-8
पुस्तकालय तथा श्रवण कक्ष	8-9
अकादमी संग्रहालय	9-10
अकादमी टेप संग्रहालय	10-12
संस्थाओं को वित्तीय सहायता	12-13
प्रकाशन	13-15
नाटक अनुभाग की रिपोर्ट	16-19
राज्य अकादमी सचिवों की बैठक	19-28
योजनागत स्कीमें	28-32
कत्थक केंद्र	32-37
जवाहर लाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादमी	38-41
बजट तथा लेखे	41

परिशिष्ट

31 मार्च, 1979 को महापरिषद् के सदस्य — परिशिष्ट I

1978-79 में राज्य अकादमियों तथा संस्थाओं को अनुदान — परिशिष्ट II

1978-79 में संस्थाओं / व्यक्तियों को स्वीकृत विवेकाधीन अनुदान — परिशिष्ट III

प्राप्तियों तथा अदायगियों का विवरण — परिशिष्ट IV , IV (क), V , V (क), VI , तथा VI (क)

संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली

वार्षिक रिपोर्ट 1978-79

प्रस्तावना

आलोच्य वर्ष की एक महत्वपूर्ण घटना थी राज्य अकादमियों के सचिवों की बैठक का आयोजन जिसमें अकादमियों के अध्यक्ष भी आमंत्रित किए गए थे । तेरह राज्यों के प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया तथा अकादमी की अध्यक्षा, श्रीमती कमला देवी चट्टोपाध्याय ने इस बैठक की अध्यक्षता की । अध्यक्षा ने बताया कि बैठक का उद्देश्य परस्पर हित के मामलों पर विचार-विमर्श करना तथा उन कार्यकलापों का निर्देश करना था, जिन्हें केंद्रीय तथा राज्य अकादमियां अपने लक्ष्यों एवं अग्रताओं के संदर्भ में हाथ में ले सकती है । विचारविमर्श के परिणामस्वरूप अध्यक्षा का यह अनुभव था कि केंद्रीय तथा राज्य अकादमियों के बीच अधिक उद्देश्यपूर्ण कार्य-व्यवस्था की जा सकती है । अन्य बातों के साथ-साथ उन्होंने यह भी कहा कि जिन संस्थाओं को अनुदान दिए गए हैं, उनसे कहा जाए कि वे सहायता-प्राप्त कार्यक्रमों के कार्यान्वियन में अपनी गतिविधियों की अधिक स्पष्ट जानकारी दें ।

उपाध्यक्ष ने अपने भाषण में केन्द्रीय तथा राज्य अकादमियों के मध्य सम्बन्धों पर बल दिया और कहा कि अकादमियां वित्तीय सहायता के लिए प्रस्तुत की जाने वाली योजनाओं पर विचार करने मात्र को ही पर्याप्त न समझें । राज्य अकादमियों को अपने-अपने क्षेत्र में चल रहे कार्यों पर पूरी दृष्टि रखने को सक्षम होना चाहिए तथा आर्थिक एवं कलात्मक सहायता के अभाव में तेजी से लुप्त अथवा क्षीण हो रही प्रदर्शन कलाओं के परिरक्षण, वर्धन तथा संरक्षण के लिए आवश्यक उपायों का सुझाव दें । राज्य अकादमियों से कहा गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अपनी अग्रताओं का सही निर्देश करें जिससे कि उन कार्यक्रमों का पता चल सके जिनके लिए वे स्वयं आर्थिक सहायता

देना चाहेंगी तथा केंद्रीय अकादमी सहायता की अपेक्षा करेंगी ।

एक और उल्लेखनीय घटना थी नवम्बर, 1978 के प्रारम्भ में कर्नाटक राज्य संगीत नाटक अकादमी के सहयोग से बंगलौर में छाया रंगमंच के राष्ट्रीय उत्सव का आयोजन । इस उत्सव में उड़ीसा, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल तथा महाराष्ट्र के पारम्परिक छाया रंगमंच का प्रदर्शन किया गया । अकादमी के कठपुतली संग्रह के आधार पर विभिन्न प्रकार की कठपुतलियों की एक प्रदर्शनी भी लगाई गई । छाया रंगमंच परम्पराओं के व्यावहारिक पक्षों पर बल देने वाली एक संगोष्ठी भी आयोजित की गई । इनमें भाग लेने वाले व्यक्ति या तो प्रमुख समकालीन कठपुतली नचाने वाले थे या कठपुतली रंगमंच के कर्मचारी जिनके समक्ष छाया रंगमंच की विभिन्न शैलियों का पहली बार प्रदर्शन किया गया था । संगोष्ठी में कतिपय विदेशी विद्वानों ने भी भाग लिया ।

जैसा कि गत वर्ष की रिपोर्ट में भी बताया गया था, अकादमी पारम्परिक प्रदर्शन कलाओं के दुर्लभ रूपों के संवर्धन एवं परिरक्षण पर विशेष बल देती रही है । यह कार्यक्रम विशेष रूप से बनाई गई योजना के अंतर्गत चलाया जा रहा है । अकादमी ने वित्तीय वर्ष के अंत में पारम्परिक रंगमंच के दो दुर्लभ रूप, कश्मीर का भाण्ड पाथेर तथा हिमाचल प्रदेश का करियाला आयोजित एवं प्रस्तुत किए । प्रतिनिधि मंडलियों को इन रूपों में प्रदर्शन करने के लिए दिल्ली में आमंत्रित किया गया । इन प्रदर्शनों की फ़िल्में तथा फ़ोटोग्राफ़ लिए गए । जैसा कि बताया गया है, बहुत से दुर्लभ रूपों का पता लगा लिया गया है तथा उन्हें छात्र प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं प्रदर्शन अनुदानों के माध्यम से सहायता दी जा रही है ।

एक और महत्वपूर्ण कार्य था अकादमी को रंगमंच के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों में मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु श्रीमती कमला देवी चट्टोपाध्याय की अध्यक्षता में रंगमंच विशेषज्ञों के एक तदर्थ दल का गठन । दल ने कई सार्थक

सिफ़ारिशें दीं जिनमें रंगमंच कार्यशालाओं का आयोजन, पारम्परिक तथा चुनिंदा समकालीन रंगमंच गतिविधियों का प्रलेखन, उदीयमान नाटककारों को अधिसदस्यता प्रदान करना, संभावित उपयोक्ताओं को मुहैया कराने के लिए अप्रकाशित नाटकों की पांडुलिपियों का संग्रह, रंगमंच कर्मचारियों के उपयोगार्थ किट का नमूना तैयार करना आदि शामिल हैं। इन सिफ़ारिशों को कार्यरूप देने के लिए योजनाएं बनाई गई हैं।

गत वर्ष की ही भांति अकादमी ने अधिसदस्यों का चुनाव किया तथा वार्षिक पुरस्कार प्रदान किए, प्रलेखन एकक के कार्य का विस्तार किया तथा देश भर में सांस्कृतिक संगठनों को अनुदान दिए जिनकी संख्या इस वर्ष 128 थी।

-0-

श्रद्धांजलियां

वर्ष के दौरान प्रदर्शन कला के जगत से अनेक विशिष्ट कलाकार तथा उत्कृष्ट विद्वान चल बसे। अकादमी ने प्रत्येक दिवंगत विद्वान के लिए गहरा शोक व्यक्त करने तथा शोक संतप्त परिवारों को अपनी संवेदना प्रेषित करने के लिए शोक सभा का आयोजन किया। दिवंगत विद्वानों में प्रमुख थे : 1957 में कत्थक के लिए अकादमी पुरस्कार विजेता श्री लच्छू महाराज; अकादमी के अधिसदस्य गुरु कालिचरण पटनायक; कला जगत में विख्यात तथा अकादमी से घनिष्ट रूप में सम्बद्ध श्री जे0 सी0 माथुर; अकादमी के भूतपूर्व उपाध्यक्ष श्री एस0 एन0 मजूमदार; 1976 में अकादमी पुरस्कार विजेता नाट्याचार्य पंडनलौर मुतैहा पिल्लै; 1974 में नाटक लेखन (तमिल) के अकादमी पुरस्कार विजेता श्री एस0 डी0 सुन्दरम्; प्रसिद्ध संगीतज्ञ तथा अकादमी के अधिसदस्य रल्लपल्ली डी0 अनंतकृष्ण शर्मा।

अकादमी इनकी स्मृति में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती है।

संगठन व्यवस्था

संगीत नाटक अकादमी एक राष्ट्रीय संस्था है जिसकी स्थापना भारत सरकार ने प्रदर्शन कलाओं के संवर्धन के लिए 1953 में की थी। यह सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन पंजीकृत है तथा एक स्वायत्त संगठन के रूप में काम करती है।

अकादमी के प्रबंध का भार महापरिषद् पर है। अकादमी का सामान्य अधीक्षण, निर्देशन तथा अन्य मामलों के नियंत्रण का कार्य अधिशासी मंडल करता है जोकि वास्तव में अकादमी का शासी निकाय है। अकादमी का अध्यक्ष अकादमी का प्रशासनिक प्रमुख भी है। इसका प्रधान कार्यपालक अधिकारी सचिव होता है जिसकी सहायता के लिए एक वित्त एवं लेखा अधिकारी चार सहायक सचिव, एक विशेष अधिकारी (प्रलेखन) तथा अन्य अधिकारी एवं

कर्मचारी हैं। वित्त समिति, वित्त सलाहकार जिसका पदेन अध्यक्ष होता है, वित्तीय मामलों में अधिशासी मंडल को सहायता प्रदान करती है। अकादमी सरकार द्वारा प्रदत्त धनराशि से दो संस्थानों, जवाहर लाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादमी, इम्फाल तथा कत्थक केंद्र, नई दिल्ली का संचालन करती है।

अकादमी के उद्देश्य, महापरिषद्, अधिशासी मंडल तथा वित्त समिति की शक्तियां एवं कार्य, **बहिर्नियमों** में स्पष्ट किए गए हैं। अकादमी शास्त्रीय, पारम्परिक तथा समकालीन प्रदर्शन कलाओं को, उनकी सारी भरपूरता तथा विविधता के साथ उन्नति एवं संवर्धन के लिए, प्रशिक्षण के स्तर को बनाए रखने, विशिष्ट कलाकारों को मान्यता प्रदान करने, तथा संगीत, नृत्य तथा नाटक के लुप्तमान रूपों के पुनरुत्थान, परिरक्षण और प्रलेखन का कार्य करती है।

31 मार्च, 1979 को महा परिषद् के सदस्यों की सूची परिशिष्ट में दी गई है।

अधिशासी मंडल

श्रीमती कमला देवी चट्टोपाध्याय - अध्यक्ष
डा० (श्रीमती) कपिला वात्स्यायन - उपाध्यक्ष
श्री जे० ए० कल्याणकृष्णन - वित्तीय सलाहकार
श्री जे० जे० भाभा
श्री तरुण राय
श्री देवी लाल समर
श्री के० वी० गोपालस्वामी
श्री विजय डा० तेंदुलकर
श्री मनोरंजन दास
श्री अजय शंकर

मदुरै श्री एस० सोमसुन्दरम्
डा० कु० प्रेमलता शर्मा
श्री बंसी लाल कौल
डा० एच० के० रंगानाथ
श्रीमती मृणालिनी साराभाई
श्रीमती इ० एन० शुक्ले
प्रो० नीलकांत सिंह

वित्त समिति

श्री जे० ए० कल्याणकृष्णन - अध्यक्ष
श्री के० वी० गोपालस्वामी
श्री तरुण राय
श्री बी० वी० के० शास्त्री
श्री जे० जे० भाभा

अकादमी के अधिकारी

31 मार्च, 1979 को अकादमी के निम्नलिखित अधिकारी थे :-

अध्यक्षा	:	श्रीमती कमला देवी चट्टोपाध्याय
उपाध्यक्षा	:	डा० (श्रीमती) कपिला वात्स्यायन
विशेष सलाहकार	:	श्री जे० ए० कल्याणकृष्णन
सचिव	:	श्री ए० एन० धवन

बैठकें

वर्ष के दौरान महा परिषद् की/केवल एक बैठक 15 दिसम्बर, 1978 को हुई।

1978-79

2. अकादमी के अधिशासी मंडल की दो बैठकें 20 अप्रैल, 1978 तथा 14 अगस्त, 1978 को हुईं।

3. वि. समिति की तीन बैठकें 20 अप्रैल, 1978, 14 अगस्त, 1978 तथा 4 अक्तूबर, 1978 को हुईं।

4. अकादमी की अनुदान समिति की एक बैठक पहली जुलाई, 1978 को हुई।

5. प्रकाशन समिति की एक बैठक 3 जुलाई, 1978 को हुई।

6. राज्य अकादमियों के अध्यक्षों / सचिवों की बैठक 24 जून, 1978 को रवींद्र भवन, नई दिल्ली में हुई।

अधिसदस्यता एवं अकादमी पुरस्कार : 1978

संगीत नाटक अकादमी की महापरिषद् ने 16 दिसंबर, 1978 को हुई अपनी बैठक में संगीत, नृत्य तथा नाटक के क्षेत्रों में अकादमी पुरस्कारों के लिए 14 विख्यात कलाकारों का; जिनमें से 6 ने संगीत के लिए, 3 ने नृत्य के लिए तथा 5 ने रंगमंच के लिए अकादमी पुरस्कार प्राप्त किए, तथा अकादमी की अधिसदस्यता के लिए दो विख्यात व्यक्तियों का चयन किया।

वर्गों तथा उनके अंतर्गत चुने गए व्यक्तियों का विवरण इस प्रकार है :

अधिसदस्य

बी0 पुट्टसामय्या
टी0 सुब्रमन्या पिल्लै

78-79

पुरस्कार

संगीत

ख़ादिम हुसैन	हिन्दुस्तानी गायन
पुरुषोत्तमदास	हिन्दुस्तानी वादन (पखावज)
एम० एस० सोमसुंदरम्	कर्नाटक गायन
लालगुडि जी० जयरमन	कर्नाटक - वादन (वायलिन)
राय चंद बोराल	रचनात्मक संगीत
एस० श्रीनिवास राव	कर्नाटक भक्ति संगीत

नृत्य

बापूराम बायन अते	सत्रीय
के० कल्याणीकुट्टी अम्मा	मोहिनी अट्टम
सी० आर० आचार्यालु	कुचिपुडी - शिक्षक

रंगमंच

जब्बार पटेल	निर्देशन
एन० कृष्ण पिल्लै	नाटक लेखन (मलयालम)
दत्ताराम एन० वाळवैकर	अभिनय
टी० कुंजकिशोर सिंह	जात्रा (मणिपुर)
कालिंदी दास	रावण छाया (उड़िया छाया रंगमंच)

मानाभिषेक

वर्ष 1978 के लिए अकादमी पुरस्कार रवीन्द्र भवन, नई दिल्ली में 16 मार्च, 1979 को आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किए गए

जिसकी अध्यक्षता भारत के राष्ट्रपति श्री एन० संजीव रेड्डी ने की । राष्ट्रपति ने दो अधिसदस्यताएं प्रदान कीं तथा संगीत, नृत्य एवं नाटक के क्षेत्रों में 13 विशिष्ट कलाकारों को पुरस्कार वितरित किए । एक पुरस्कार विजेता श्री आर० सी० बोराल पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित न हो सके । उन्हें बिरला आडिटोरियम, कलकत्ता में 8 अक्तूबर, 1979 को पश्चिम बंगाल नाटक, संगीत तथा ललित कला अकादमी के सहयोग से आयोजित समारोह में ताम्रपत्र औपचारिक रूप से भेंट किया गया ।

उत्सव तथा कार्यक्रम

I. राष्ट्रीय छाया रंगमंच उत्सव

संगीत नाटक अकादमी ने कर्नाटक राज्य संगीत नाटक एकादमी तथा बंगलौर विश्वविद्यालय के संगीत, नृत्य एवं नाटक विभाग के सहयोग से बंगलौर में 5 से 9 नवम्बर, 1978 तक एक राष्ट्रीय छाया रंगमंच उत्सव का आयोजन किया । इस उत्सव में उड़ीसा, आंध्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल तथा महाराष्ट्र के पारम्परिक छाया रंगमंच का प्रदर्शन किया गया । एकादमी संग्रहालय में कई वर्षों के दौरान संग्रह की गई विभिन्न प्रकार की कठपुतलियों के माउण्ट बनाकर उनकी एक प्रदर्शनी लगाई गई । एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें छाया रंगमंच परम्परा के व्यावहारिक पक्षों पर बल दिया गया । भाग लेने वालों में विख्यात-समकालीन कठपुतली नचाने वाले अथवा कठपुतली रंगमंच के कर्मचारी थे जिनको पहली बार पारम्परिक छाया रंगमंच की विभिन्न शैलियों की जानकारी प्रदान की गई । विभिन्न क्षेत्रों में पारम्परिक कलाकारों को खोज निकालने में एकादमी को भरसक प्रयत्न करना पड़ा क्योंकि लोकप्रिय जनसंपर्क माध्यम के प्रभाव में छाया रंगमंच की विभिन्न पारम्परिक शैलियां पिछड़ कर दूर-दराज़ के

ग्रामीण क्षेत्रों में हटती जा रही हैं। वास्तव में, कठपुतली रंगमंच की कुछ शैलियां लुप्त प्राय: हैं। अत: उत्सव की अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में, कठपुतली सेटों के नवीकरण तथा कठपुतली रंगमंचों के नटाली संवर्धन की कार्रवाई की जा रही है। कुछेक विदेशी विद्वानों ने भी संगोष्ठी में भाग लिया।

II. अकादमी कला उत्सव

वार्षिक पुरस्कार समारोह के अवसर पर मार्च, 1979 में अकादमी ने एक पांच-दिवसीय संगीत, नृत्य एवं नाटक उत्सव का आयोजन किया, जिसमें इस वर्ष के पुरस्कार-विजेता कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। यह उत्सव वार्षिक पुरस्कार समारोह का नियमित भाग बन गया है तथा यह राजधानी की एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक घटना होती है। इसके प्रति लोगों ने गहरी रुचि तथा उत्साह को प्रकट किया और भारी संख्या में दर्शक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम जनसाधारण के लिए खुले थे तथा इनका आयोजन रवींद्र भवन के बागीचे और श्रीराम कला एवं संस्कृति केंद्र के आडिटोरियम में किया गया। उत्सव के दैनिक कार्यक्रमों का विवरण नीचे दिया जा रहा है :

मार्च 16	एस0 श्रीनिवास राव (गायन कर्नाटक)
मार्च 17	पुरुषोत्तम दास (पखावज)
	कला भारा मोहिनी अट्टम का प्रदर्शन (कलामंडलम कल्याणीकुट्टी अम्मा की शिष्या)
मार्च 18	लालगुडी जी0 जयरमन (वायलिन कर्नाटक)
	मदुरै एस0 सोमसुंदरम् (गायन कर्नाटक)
मार्च 19	रावण छाया छाया रंगमंच (काठिनंद दास एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत)
	सत्रीय नृत्य (बापूराम बायन अत्तै एवं साथी)
	मणिपुर जात्रा (टी0 कुंजकिशोर सिंह एवं साथी)

मार्च 20 मराठी में घासीराम कोतवाल
(जब्बार पटेल द्वारा निर्देशित)

- वार्ताएं, व्याख्यान-प्रदर्शन एवं संगोष्ठियां :

निम्नलिखित तकनीकी व्याख्यानों की व्यवस्था की गई :

- **हिंदुस्तानी संगीत की गमकों के इतिहास एवं तकनीकों पर** डा० प्रेमलता शर्मा के दो व्याख्यान । इनके साथ व्यावहारिक प्रदर्शन भी प्रस्तुत किए गए (जुलाई 31 तथा अगस्त 1, 1978) ।
- अकादमी में 13 दिसम्बर, 1978 को हिंदुस्तानी गमकों पर पंडित विजय चंद मौदगल्य के एक तकनीकी सोदाहरण व्याखान की व्यवस्था की गई ।

अकादमी के संग्रहालय के लिए इन दोनों व्याख्यान-प्रदर्शनों को हमारे अपने ही स्टूडियो में रिकार्ड किया गया ।

कर्नाटक गान कला परिषद् ने 3 तथा 4 जनवरी, 1979 को बंगलौर में संगीत नाटक अकादमी के आंशिक सहायता अनुदान से कर्नाटक संगीत में जावली पर एक विचारगोष्ठी आयोजित की । संगोष्ठी में विभिन्न दक्षिण भारतीय भाषाओं तथा मनिपरवला रचनाओं में जावली पर सोदाहरण, ... दिए गए । संगोष्ठी के कार्यक्रम रिकार्ड किए गए हैं । दुर्लभ एवं अधिक महत्वपूर्ण जावलियों को बंगलौर में अलग से रिकार्ड किया जा रहा है ।

पुस्तकालय तथा श्रवण कक्ष

संगीत नाटक अकादमी के पुस्तकालय तथा पत्रिका अनुभाग में 1978-79 के दौरान वृद्धि होती रही । वर्ष के दौरान 476 पुस्तकें प्राप्त की गईं ।

पाठकों ने
पत्रिकाओं, समाचारपत्रों तथा कतरनों का वाचनालय में भरपूर उपयोग किया । भारतीय नृत्य तथा नाटक पर ग्रंथ सूचियां एवं लोक साहित्य, समाजशास्त्र, जनजातीय अध्ययनों पर पुस्तकों की ग्रंथसूची शोधकर्ताओं को मांगने पर उपलब्ध कराई जाती हैं । प्रत्येक अध्ययन-विषय पर ऐसी ग्रंथसूची माला नियमित रूप से प्रकाशित करने का अकादमी का विचार है । हिंदी, मराठी, बंगाली तथा गुजराती में हिंदुस्तानी संगीत पर पुस्तकों की ग्रंथसूची का काम शुरू किया गया है ।

संगीत नाटक अकादमी पुस्तकालय ने विज्ञान तथा संगीत पर पुस्तकों की ग्रंथसूची प्रकाशित करके मद्रास में आयोजित विज्ञान एवं संगीत संगोष्ठी में भाग लिया ।

श्रवण कक्ष / डिस्क पुस्तकालय का संगीतज्ञों, शोधकर्ताओं एवं संगीत-विद्यार्थियों द्वारा निरंतर उपयोग किया जाता रहा । वर्ष के दौरान 342 डिस्क संग्रह में और जोड़े गए । नई दिल्ली के श्री एन० आर० गोपालकृष्णन से अकादमी के संग्रहालय के लिए कर्नाटक संगीत के 78 आर० पी० एम० जी० के 107 डिस्क का मूल्यवान संग्रह प्राप्त किया गया । दस डिस्क अमरीकी दूतावास से उपहारस्वरूप प्राप्त हुए ।

श्रोताओं के लाभार्थ डिस्कोग्राफ़ी की एक श्रृंखला तैयार की जा रही है । डिस्कोग्राफ़ी की श्रृंखला की दूसरी कड़ी, कर्नाटक संगीत पर, तैयार हो रही है ।

अकादमी संग्रहालय

अकादमी के संग्रह में से 'पारम्परिक रंगमंच में रामायण' पर एक विषय-प्रदर्शन तैयार किया गया तथा इसे अकादमी की 'यवनिका' वीथी में प्रदर्शित किया गया । प्रदर्शन में इस विषय पर कठपुतलियां, नकाब, चित्र,

पुस्तकालय की पुस्तकें तथा कूथम्बलम का एक माडल प्रदर्शित किए गए ।

बंगलौर में नवम्बर, 1978 में आयोजित छाया रंगमंच मेले के अवसर पर भारत की पारम्परिक छाया कठपुतलियों की एक प्रदर्शनी लगाई गई ।

अकादमी संग्रहालय से "पारम्परिक भारतीय लोक रंगमंच" पर एक प्रदर्शनी आयोजित की गई तथा फरवरी, 1979 में श्रीराम कला एवं संस्कृति केंद्र, नई दिल्ली में आयोजित "तृतीय राष्ट्रीय नाटक मेला" के अवसर पर केंद्र में इसका प्रदर्शन किया गया ।

अकादमी टेप संग्रहालय

वर्ष 1978-79 के दौरान अकादमी टेप संग्रहालय में निम्नलिखित की वृद्धि हुई :

कर्नाटक शास्त्रीय (गायन)

एस० श्रीनिवास राव	2 घंटे
मदुरै एस० सोमसुंदरम्	$2\frac{1}{2}$ घंटे

हिंदुस्तानी शास्त्रीय (वादन)

तबला - वी० के० घंगरेकर	$1\frac{1}{4}$ घंटा
पखावज - पुरुषोत्तम दास	1 घंटा

कर्नाटक शास्त्रीय (वादन)

वायलिन - लालगुडी जी० जयरमन	$2\frac{1}{2}$ घंटे

पारम्परिक

जवाली एवं पदम - सी० सरोजा तथा सी० ललिता	$1\frac{1}{2}$ घंटा

ग़ज़ल - फ़ैज़ अहमद फ़ैज़ तथा हफ़ीज़ अहमद खां	$1\frac{1}{4}$ घंटा
पदम - मंचला जगन्नाथ राव	3 घंटे

लोक संगीत

राजस्थान - लोकगीत	3 घंटे
तमिलनाडु - भगवत उत्सव, थोलु बोमुल्लत्ता, करगम, बाथ मैला	8 घंटे
कर्नाटक - देवदासियां, तगलु गोम्बिट्टा	3 घंटे
उड़ीसा - रावण छाया, चितिगोडा नृत्य	1 घंटा
आं0 प्र0 - तोगलु गोम्बिट्टा	$\frac{1}{2}$ घंटा
हिमाचल प्रदेश - करियाला	1 घंटा
जम्मू-कश्मीर - भाण्ड पाथेर	1 घंटा
मणिपुर - सत्तरीय नृत्य	1 घंटा
उत्तरप्रदेश - रासलीला	2 घंटे
महाराष्ट्र - चामदयाचा बाहुल्य	$\frac{1}{2}$ घंटा
केरल - मोहिनी अत्तम, थोलपवकुत्तु	2 घंटे
प0 बंगाल - पटुआ	1 घंटा
असम - फुरकांति	1 घंटा
मध्यप्रदेश - गोंड़ नृत्य - 1	10 मिनिट
हरियाणा - लूर नृत्य	10 मिनिट

साक्षात्कार

एस0 श्रीनिवास राव	$\frac{1}{4}$ घंटा
लालगुड़ी जी0 जयरमन	$\frac{1}{2}$ घंटा

कालामंडलम कल्याणीकुट्टी अम्मा	$\frac{1}{4}$ घंटा
मदुरै एस0 सोमसुंदरम्	$\frac{1}{2}$ घंटा
टी0 कुंजकिशोर सिंह	20 मिनिट
ओंकार नाथ मिश्र	25 मिनिट

विदेशी संगीत

यूनानी लोक संगीत	$6\frac{1}{2}$ घंटे
बुल्गारिया का कठपुतली संगीत	1 घंटा

विविध

तराना तथा थिल्लान पर बी0 वी0 के0 शास्त्री की वार्ता (प्रतिलिपि)	15 मिनिट
भारतीय संगीत में गमकों पर प्रेमलता शर्मा का प्रदर्शन एवं वार्ता	4 घंटे
राष्ट्रीय छाया रंगमंच मेला, बंगलोर के अवसर पर संगोष्ठी	$1\frac{1}{2}$ घंटे
आधुनिक हिंदुस्तानी संगीत में गमक पर विनय चंद्र मौद्गल्य की वार्ता	2 घंटे
पुरस्कार प्रस्तुति समारोह - 78	14 घंटे

संस्थाओं को वित्तीय सहायता

वर्ष 1978-79 के दौरान अकादमी संगीत, नृत्य तथा नाटक के क्षेत्रों में कार्यरत संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करती रही । राज्य अकादमियों समेत ऐसी संस्थाओं को सहायता-अनुदान के रूप में दी गई राशि

रु0 6,51,330.00 थी । वर्ष 1978-79 के दौरान दिए गए अनुदान की राशि तथा उसके उद्देश्य सहित, सहायता-प्राप्त संस्थाओं की सूची परिशिष्ट II में दी गई है ।

उपर्युक्त के अतिरिक्त अध्यक्ष / उपाध्यक्ष के विवेकाधीन अनुदानों में से रु0 22,500.00 की राशि परिशिष्ट III के अनुसार विशिष्ट मदों पर होने वाले व्यय को पूरा करने के लिए विशेषज्ञों / चुनींदा संगठनों को स्वीकृत एवं वितरित की गई ।

प्रकाशन

संगीत, नृत्य तथा नाटक पर साहित्य का प्रकाशन अकादमी का एक महत्वपूर्ण कार्य है । स्वयं पुस्तकें प्रकाशित करने के अतिरिक्त, अकादमी निर्धारित नियमों के आधार पर उपयुक्त पुस्तकें प्रकाशित करने के लिए अन्य संगठनों एवं व्यक्तियों को भी सहायता प्रदान करती है ।

प्रकाशनार्थ अनुदान के लिए आवेदन पत्रों, जिनके साथ पाण्डुलिपि की प्रतिलिपि लगाना अभीष्ट होता है, पर सर्वप्रथम अकादमी की प्रकाशन समिति विचार करती है जिसमें सम्बद्ध क्षेत्र के विशेषज्ञ होते हैं । आलोच्य वर्ष के दौरान, अधिशासी मंडल द्वारा गठित नई प्रकाशन समिति की पहली बैठक 3 जुलाई, 1978 को आयोजित हुई । इस समय प्रकाशन समति के निम्नलिखित सदस्य हैं :-

1) डा0 (श्रीमती) कपिला वात्स्यायन — अध्यक्ष
2) डा0 (श्रीमती) कुमुद मेहता
3) श्री विजय तेंडुलकर
4) डा0 एच0 के0 रंगनाथ
5) प्रो0 महेश्वर नियोग
6) श्री अशोक बाजपेयी
7) श्री मनोरंजन दास

वर्ष 1978-79 के दौरान, अकादमी ने निम्नलिखित अनुदानों की संस्वीकृति प्रदान की :-

	रुपये	
1.	3,000	संगीत अकादमी, मद्रास की पत्रिका के प्रकाशनार्थ
2.	2,000	भारतीय संगीत सोसाइटी, बड़ौदा की पत्रिका के प्रकाशनार्थ
3.	2,000	'इनैक्ट' पत्रिका के प्रकाशनार्थ
4.	2,000	'संगीत कला विहार' पत्रिका के प्रकाशनार्थ
5.	3,000	'रामलीला - परम्परा और शैलियां, ले0 इंदुजा अवस्थी' के प्रकाशनार्थ
6.	4,000	राम नारायण अग्रवाल द्वारा रचित ब्रज का रास रंगमंच के प्रकाशनार्थ
7.	10,000	श्रीमती जी0 कुप्पुस्वामी तथा एम0 हरिहरण रचित 'ए कान्स्पैक्टस आफ सांग्ज़ इन कर्नाटक म्यूज़िक' के प्रकाशनार्थ।

रामलीला - परम्परा और शैलियां, ले0 श्रीमती इंदजा अवस्थी इस वर्ष प्रकाशित हुई।

अकादमी के प्रकाशन

निम्नलिखित प्रकाशन मुद्रणाधीन थे :

i) 'रासलीला तथा रासानुकरण विकास' ले0 डा0 बसंत याम्दाग्नि

ii) 'दी विंग्ड फार्म' -- हिन्दुस्तानी लयों पर सौंदर्यपरक लेख, ले0 प्रो0 एस0 के0 सक्सेना

iii) 'म्यूज़िक एंड डांस इन रवींद्रनाथ टैगोर्स एजुकेशन फ़िलास्फ़ी' ले० शांति देव घोष

iv) 'एंथालोजी आफ़ सांग्स आफ़ मुथुस्वामी दीक्षितार'

अकादमी ने चुनींदा कला रूपों पर लघु मोनोग्राफ़ लिखने के लिए लेखकों को कहा है । अभी तक निम्नलिखित मोनोग्राफ़ प्राप्त हो चुके हैं :-

i) 'करियाला आफ़ हिमाचल प्रदेश' ले० एस०एस०एस० ठाकुर

ii) 'भौना' रचित प्रो० महेश्वर नियोग

iii) 'मालुशाही लैंड' ले० मोहन उप्रेती

मोनोग्राफों का मुद्रण कार्य आगामी वित्त वर्ष में आरंभ हो जाएगा ।

प्रस्तावित प्रकाशन

उपर्युक्त मोनोग्राफ़ों के अतिरिक्त, अकादमी निम्नलिखित प्रकाशन हाथ में लेने का भी विचार रखती है :-

i) 'पुरूती संगीत प्रकाश' ले० बी० पी० भट्ट

ii) 'हू इज़ हू आफ़ इण्डियन म्युज़िशियन्स' - द्वितीय संस्करण

iii) 'हिमाचल के लोक संगीत' ले० केशव आनंद ।

संगीत नाटक'

अकादमी प्रदर्शन कलाओं पर " संगीत नाटक' नाम की एक त्रैमासिक पत्रिका प्रकाशित करती है । पत्रिका का यह पंद्रहवां प्रकाशन-वर्ष है । प्रमुख विद्वान और विशेषज्ञ इसमें अपनी रचनाएं देते हैं । वर्ष 1978-79 में अंक 46 से 48 प्रकाशित किए गए । इसकी एक प्रति का मूल्य रु० 3.00 है तथा वार्षिक चंदा रु० 10.00 है (विदेशी ग्राहकों के लिए 5.00 डालर) ।

नाटक अनुभाग की रिपोर्ट

1. वर्ष के दौरान संगीत नाटक अकादमी के नाटक अनुभाग का पुनर्गठन किया गया तथा सहायक सचिव के पद के समकक्ष एक अधिकारी को अनुभाग का पूर्णकालिक कार्यभार सौंपा गया ।

2. संगीत नाटक अकादमी के अधिशासी मंडल ने अपनी दिसम्बर, 1978 में हुई बैठक में रंगमंच के क्षेत्र में अकादमी को, इसकी विभिन्न गतिविधियों में मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए श्रीमती कमला देवी चट्टोपाध्याय की अध्यक्षता में एक तदर्थ रंगमंच विशेषज्ञ दल बनाने का निर्णय लिया । देश के सभी भागों से लिए गए इन विशेषज्ञों से एक ऐसा कार्यक्रम तैयार करने की अपेक्षा थी जिससे देश में रंगमंच की संवृद्धि एवं विकास में अकादमी अपना सक्रिय योगदान दे सके तथा भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच आंदोलनों में घनिष्ठ एवं सार्थक संपर्क स्थापित करने की दृष्टि से नीतियों का निर्माण कर सके ।

3. उक्त दल की एक बैठक फरवरी, 1979 में हुई । इसने एक व्यापक दीर्घकालीन कार्यक्रम की सिफारिश की जिसमें निम्नलिखित विशिष्ट कार्य-मदें सम्मिलित थीं :-

(क) अकादमी द्वारा सहायता-अनुदान :

रंगमंच दलों को अकादमी की वित्तीय सहायता योजना की समीक्षा करते हुए, इसने सुझाव दिया कि अकादमी अपनी अनुदान नीति पर पुन: विचार करे और जिन संगठनों को अनुदान देने का विचार है, उनके कार्य का मूल्यांकन करने के लिए नए कड़े मापदण्ड निर्धारित करे । इस बात पर सहमति व्यक्त की गई कि बड़ी संख्या में दलों को छोटे अनुदान देने के स्थान पर कुछ चुनींदा दलों को दो अथवा तीन वर्षों की निर्धारित अवधि के लिए अनुदान रूप में पर्याप्त राशि दी जाए ।

(ख) रंगमंच कार्यशालाएं

दल ने इस बात का भी उल्लेख किया कि कुछ सुनियोजित तथा व्यवसायपरक रंगमंच कार्यशालाओं में किए जा रहे महत्वपूर्ण काम को समेकित करने तथा और प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। यह सुझाव दिया गया कि आगामी वित्तीय वर्ष में, भिन्न-भिन्न क्षेत्रीय केंद्रों में कम से कम चार बड़ी कार्यशालाएं आयोजित की जाएं और अकादमी उनको पर्याप्त सहायता दे।

विभिन्न रंगमंच कार्यशालाओं में शिक्षण कार्यक्रम को सुदृढ़ बनाने के लिए, यह सुझाव दिया गया कि अकादमी ऐसे सेटों अथवा किटों की तैयारी का काम प्रायोजित करे जिनमें विभिन्न रंगमंच रूपों तथा तकनीकों पर सुप्रलेखित सामग्री हो।

(ग) प्रलेखन

यह सुझाव दिया गया कि संगीत नाटक अकादमी पारम्परिक तथा महत्वपूर्ण समकालीन रंगमंच गतिविधि के प्रलेखन के अपने कार्यक्रम को सुदृढ़ बनाए तथा स्वीकृत महत्व के विभिन्न रूपों के प्रलेखन के लिए फिल्में बनाने का कार्यक्रम बनाए।

(घ) अधिसदस्यता

यह निर्णय लिया गया कि अकादमी की वर्तमान अधिसदस्यता योजना के अधीन उदीयमान युवा नाटककारों को वजीफे प्रदान किए जाएं।

(ड.) पांडुलिपि कोष

इस विषय में सहमति व्यक्त की गई कि संभावी उपयोक्ताओं को निःशुल्क मुहैया करने के लिए अप्रकाशित नाटकों की पांडुलिपियों का कोष निर्माण करने में अकादमी सहायता दे।

(च) विदेशों के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान

यह कहा गया कि भारत तथा अन्य देशों के मध्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान संवर्धन की वर्तमान व्यवस्था, भारतीय रंगमंच को विनिमय कार्यक्रम में उसका उचित स्थान दिलाने में आमतौर पर असफल रही है। विदेशों में भारतीय रंगमंच के प्रति बढ़ती रुचि की तुष्टि के लिए, यह सुझाव दिया गया कि अकादमी, संस्कृति विभाग तथा भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद् के सहयोग से ऐसे आवश्यक कदम उठाए जिससे भारतीय तथा विदेशी रंगमंचों के मध्य और अधिक सांस्कृतिक आदान-प्रदान किए जा सकें।

(छ) दल इस बात पर भी सहमत था कि संगीत नाटक अकादमी क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर समय-समय पर रंगमंच उत्सव आयोजित करने में सहायता दे। इसने यह भी सुझाव दिया कि संगीत नाटक अकादमी इस अवसर पर बाल रंगमंच के कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की भी योजना बनाए।

(ज) सूचना सेवा

सदस्यों का मत था कि रंगमंच गतिविधियों के सम्बंध में विश्वसनीय जानकारी तथा आंकड़े न मिलने से अत्यंत असुविधा पैदा होती है। यह सुझाव दिया गया कि अकादमी को चाहिए कि वह इस आवश्यकता को पूरा करे।

(झ) रंगमंच कलाओं के संवर्धन के लिए प्रतिष्ठान :

यह अनुभव किया गया कि इस समय देश में रंगमंच आंदोलन के प्रसार एवं विकास के लिए जितने वित्तीय साधनों की आवश्यकता है उतने उपलब्ध नहीं हैं। इसके अलावा यह आशा भी नहीं है कि निकट भविष्य में रंगमंच की गति-विधियों के लिए उपलब्ध वित्तीय साधनों में पर्याप्त वृद्धि होगी। एक सुझाव यह भी था कि एक प्रतिष्ठान की स्थापना की जाए जिसके लिए अन्य स्रोतों के साथ-साथ प्राइवेट एवं निगमित दानियों से अंशदान करने के लिए अनुरोध किया

जाएगा । इस समय अकादमी इस प्रस्ताव पर सक्रिय विचार कर रही है ।

4. उपर्युक्त कार्यक्रम इस समय चालू है और आशा की जाती है कि और अधिक वित्तीय साधनों के साथ-साथ इसकी गति तीव्र होती जाएगी ।

राज्य अकादमियों के सचिवों की बैठक

राज्य अकादमियों के सचिवों की वार्षिक बैठक रवीन्द्र भवन, नई दिल्ली में 24 जून, 1978 को हुई । राज्य अकादमियों के अध्यक्षों / सभापतियों को भी बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था ।

उक्त बैठक में निम्नलिखित राज्य अकादमियों के अध्यक्षों / सभापतियों / सचिवों ने भाग लिया :

1. आंध्र प्रदेश
2. गुजरात
3. केरल
4. मध्य प्रदेश
5. कर्नाटक
6. उड़ीसा
7. राजस्थान
8. तमिलनाडु
9. उत्तर प्रदेश
10. पश्चिम बंगाल
11. मणिपुर
12. गोवा
13. हिमाचल प्रदेश

बैठक की अध्यक्षता श्रीमती कमला देवी चट्टोपाध्याय, अध्यक्षा, संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली ने की ।

अध्यक्षा ने राज्य अकादमियों के अध्यक्षों /सभापतियों तथा सचिवों का स्वागत किया एवं बैठक के आमंत्रण को तुरंत स्वीकार करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया ।

अध्यक्षा ने स्पष्ट किया कि बैठक बुलाने का उद्देश्य परस्पर महत्व की समस्याओं पर विचार-विमर्श करना तथा ऐसे कार्यकलापों का संकेत देना है जो केंद्रीय तथा राज्य अकादमियों द्वारा लक्ष्य एवं अग्रताओं को ध्यान में रखते हुए शुरू किए जा सकते हैं । उसके बाद बैठक में जो विचार-विमर्श हुआ उसके अनुसार अध्यक्षा ने यह अनुभव किया कि और अधिक उद्देश्यपूर्ण कार्य व्यवस्था अमल में लाई जा सकती है । इस बात पर भी बल दिया गया कि जिन अकादमियों को अनुदान दिए गए हैं, वे अपने निष्पन्न कार्य का विस्तृत विवरण दें न कि मात्र उपयोगिता-विवरण ।

उपाध्यक्ष ने इस बात पर बल दिया कि नीति एवं कार्यक्रम के विषय में राज्य अकादमियों तथा केंद्रीय अकादमी के मध्य अधिक सार्थक सम्बंध होना चाहिए । परस्पर सम्बन्ध केवल राज्य अकादमियों द्वारा वित्तीय सहायता के लिए प्रस्तुत योजनाओं पर विचार करने मात्र तक ही सीमित नहीं होना चाहिए । राज्य अकादमियों को इस स्थिति में होना चाहिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में हो रही गतिविधियों का पूरा जायज़ा ले सकें तथा इस बात की सही जानकारी दे सकें कि उपयुक्त वित्तीय सहायता तथा कलात्मक सहायता के अभाव में अभिनय कलाओं के जो रूप तेज़ी से लुप्त अथवा क्षीण हो रहे हैं उनके पोषण, परिरक्षण तथा संरक्षण के लिए क्या किया जाना चाहिए । राज्य अकादमियां इस योग्य होनी चाहिएं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में अपनी अग्रताओं को सुस्पष्ट कर सकें और साथ ही उन कार्यक्रमों को बता सकें जिनके लिए वे स्वयं वित्त व्यवस्था कर लेंगी तथा जिनके लिए उन्हें केंद्र से आर्थिक

सहायता की आवश्यकता है । तत्पश्चात् राज्य अकादमियों के प्रतिनिधियों से कहा गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में वर्तमान स्थिति की संक्षिप्त जानकारी दें तथा भावी कार्य-योजना के लिए सुझाव दें ।

आंध्र प्रदेश

आंध्र प्रदेश अकादमी पहले ही लोक प्रदर्शन कलाओं का सर्वेक्षण कर चुकी है । इसने रंगमंच संगीत पर भी काम कर लिया है तथा लोक संगीत वाद्यों के चित्र ले लिए हैं । अकादमी इस समय डिस्कों का पुस्तकालय बनाने में व्यस्त है । अकादमी किसी भी संयुक्त परियोजना में केंद्रीय अकादमी के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है ।

गोवा

गोवा अकादमी ने लोक प्रदर्शन कलाओं के प्रलेखन तथा संवर्धन का कार्य किया है । प्रलेखन कार्य के सम्बन्ध में यह किसी भी कार्यकारी व्यवस्था के लिए तैयार है ।

गुजरात

गुजरात राज्य की राज्य स्तर पर बाल नाटक उत्सव एक परियोजना तथा नृत्य में संतोषजनक रूप से प्रशिक्षित छात्रों द्वारा जन प्रदर्शन आयोजित करने की एक योजना है ।

कर्नाटक

अकादमी प्रदर्शन कला के रूपों को जीवित रखने के प्रयास में लगी हुई है । अकादमी की यह समस्या थी कि भ्रमण करके प्रदर्शन करने वाले दलों को उपयुक्त रंगमंच भवनों की कमी को दूर करने के लिए पर्याप्त सुविधा प्रदान की जाए । इसके विचार में संस्कृति विभाग की भवन निर्माण अनुदानों की योजना

में संशोधन की आवश्यकता थी क्योंकि इसके वर्तमान रूप में राज्य अकादमियां, नगरपालिकाएं, स्थानीय निकाय आदि इससे लाभ नहीं उठा सकते । यह आवश्यक समझा गया कि राज्य अकादमियों तथा सार्वजनिक निकायों को भी इस योजना से लाभ उठाने की अनुमति दी जानी चाहिए ।

उपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि यह एक संवैधानिक समस्या थी क्योंकि केंद्रीय सरकार राज्य अकादमियों के हाथ में धनराशि नहीं सौंप सकती और राज्य अकादमियों की वित्त व्यवस्था राज्य सरकारें करती हैं । फिर भी, नियम में संशोधन के लिए यह समस्या सरकार के सामने रखी जा सकती है ।

कर्नाटक अकादमी ने इस बात पर भी खेद प्रकट किया कि ग्रामीण जनता को शास्त्रीय कला रूपों को देखने तक का अवसर उपलब्ध नहीं होता, अतः इसका कोई उपाय किया जाए । अकादमी ने प्रदर्शन कलाकारों के सर्वेक्षण का सुझाव दिया ताकि एक उपयुक्त निर्देशिका निकाली जा सके ।

हिमाचल प्रदेश

जहां साहित्य के क्षेत्र में कुछ कार्य किया गया है, वहां प्रदर्शन कलाओं के मामले में बहुत ही कम अथवा कुछ नहीं किया गया है । अकादमी का एक लोक नृत्य सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव है । अकादमी का यह कहना था कि राज्य में विभिन्न संगठनों को अनुदान देने के स्थान पर बेहतर होगा यदि केंद्रीय अकादमी राज्य अकादमियों को और अधिक सहायता प्रदान करे तथा उनका मार्गदर्शन भी करे ।

केरल

केरल अकादमी ने कई कला रूपों का प्रलेखन किया है । इसके अलावा और प्रलेखन के लिए केंद्रीय अकादमी से सहायता की आशा की जाती है ।

अकादमी का यह सुझाव था कि केंद्रीय अकादमी अपनी महापरिषद् में राज्य अकादमियों का भी एक-एक प्रतिनिधि ले ।

मणिपुर

प्रत्येक राज्य अकादमी में एक प्रलेखन एकक की स्थापना पर बल दिया गया । यह अनुभव किया गया कि इस बात से बहुत सहायता मिलेगी यदि केंद्रीय अकादमी दूसरी अकादमियों के लिए एक मानक प्रतिरूप का सुझाव दे । यह सुझाव भी दिया गया कि केंद्रीय तथा राज्य अकादमियों के क्षेत्रीय कर्मचारियों की सावधिक बैठक आयोजित की जाया करे तथा केंद्रीय अकादमी वित्तीय सहायता के लिए मुख्य संगठनों का चयन बड़े पैमाने पर करने पर विचार करे ।

अकादमी ने यह भी कहा कि एक प्रतिरूप की दृष्टि से 'लाई हारोबा' जैसा उत्सव आयोजित करने का अकादमी का विचार है और यह आशा प्रकट की कि केंद्रीय अकादमी इस में सहयोग करेगी ।

मध्यप्रदेश

फ़िल्म उतारने, रिकार्ड करने तथा पोशाकें एवं संगीतवाद्यों जैसी सामग्री के संग्रह के लिए उपयुक्त प्रलेखन एकक की स्थापना को प्रमुख आवश्यकता बताया गया । कई लोक तथा कबायली पोशाकों का प्रचलन समाप्त हो रहा है । अकादमी विभिन्न क्षेत्रों में लोक संगीत का सर्वेक्षण भी करना चाहती है । मुख्य तौर पर समस्या थी विभिन्न कबायली तथा लोक बोलियों में वास्तविक कलाकारों को ढूंढना । इस सबके लिए अकादमी केंद्रीय अकादमी से वित्तीय एवं तकनीकी सहायता की आशा करती है ।

उड़ीसा

केंद्रीय अकादमी के विचारार्थ अकादमी के दो प्रस्ताव थे । एक था उड़ीसा की आधारभूत तकनीक के मानकीकरण की आवश्यकता तथा दूसरे का सम्बन्ध था छात्रों को कबायली नृत्य की शिक्षा देना ।

तमिलनाडु

अकादमी का विचार था कि यह अधिक उपयुक्त होगा यदि केंद्रीय अकादमी विभिन्न संगठनों को पैसा देने के स्थान पर राज्य अकादमियों को और अधिक धनराशि उपलब्ध कराए ।

राजस्थान

अकादमी ने राजस्थान के कुछ ज़िलों में सर्वेक्षण कार्य किया है तथा यह कार्य अभी जारी रखने का प्रस्ताव है । यदि केंद्रीय अकादमी से आवश्यक वित्तीय सहायता प्राप्त हुई तो एक अखिल भारतीय लोक रंगमंच उत्सव आयोजित करने की भी अकादमी की योजना है । एक अन्य योजना बाल रंगमंच कार्यशाला आयोजित करने की भी है ।

उत्तर प्रदेश

अकादमी ने हाल ही में निकले अपने प्रकाशनों की जानकारी दी तथा रासलीला, नौटंकी तथा रामलीला जैसे पारम्परिक रंगमंच रूपों में से कुछेक के फ़िल्मीकरण की अपनी योजनाएं भी बताईं । अकादमी ने सर्वेक्षण तथा प्रलेखन की अपनी एक तीन वर्षीय योजना की भी जानकारी दी ।

पश्चिम बंगाल

राज्य अकादमी का वर्तमान गठन असंतोषजनक था क्योंकि इसकी कोई स्वतंत्र हैसियत नहीं है। अकादमी विश्वविद्यालय के ही एक भाग के रूप में काम करती है। सबसे प्रमुख आवश्यकता इस बात की है कि अकादमी का अपना अलग अस्तित्व तथा उपयुक्त संगठन हो।

राज्य अकादमियों के प्रतिनिधियों के विचारों की प्रतिक्रिया के रूप में केंद्रीय अकादमी के कार्यकारी सचिव तथा उपाध्यक्ष ने अपने मत व्यक्त किए। कार्यकारी सचिव ने कहा कि प्रति वर्ष होने वाली बैठकों में परिरक्षण सम्बन्धी विचारविमर्श होता है परंतु इस बात में संदेह है कि क्या राज्य अकादमियां अपने उत्तरदायित्व यथापेक्षित निष्ठा से निभाती भी हैं। परिरक्षण का अर्थ प्राय: यही लिया गया है कि रिकार्डिंग, फ़िल्मीकरण आदि माध्यम से प्रलेखन कार्य कर लिया जाए। परंतु इतना ही महत्व इस बात का है कि कला रूपों को जीवित रखने का प्रयास किया जाए तथा इस कार्य में उनका मौलिक स्वरूप नष्ट न होने पाए।

राज्य अकादमियों को केंद्रीय अकादमी से निर्देश एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो, इस सुझाव के संदर्भ में कहा गया कि केंद्रीय अकादमी समेत सभी अकादमियां एक दूसरे से मार्गदर्शन लें क्योंकि सभी की भूमिका एक ही है। प्रत्येक अकादमी दूसरी अकादमियों को अपने कार्यकलापों से अवगत रखे ताकि कार्य अथवा प्रयासों की अनावश्यक पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने यह सुझाव भी दिया कि क्षेत्रीय अधिकारियों की समय-समय पर बैठकें हों तथा अंतर-राज्य आदान-प्रदान कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदर्शन कला परम्पराओं की जानकारी एक-दूसरे को दी जाए - कम से कम पड़ोसी राज्यों के साथ इसका श्रीगणेश अवश्य किया जाना चाहिए।

उपाध्यक्ष ने बैठक में व्यक्त विचारों का सारांश प्रस्तुत किया। उन्होंने केंद्रीय अकादमी तथा राज्य अकादमियों के मध्य एवं राज्य अकादमियों में परस्पर अधिक सक्रिय और सतत सार्थक विचार-विनिमय जारी करने तथा उसको मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रश्न यह था कि एक दूसरे के अनुभव से कैसे लाभ उठाया जाए तथा एक व्यापक नीति बनाई जाए। केवल राष्ट्रीय न कि स्थानीय कलारूपों,को ही समर्थन दिया जाए, इस सुझाव पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने अपना विचार व्यक्त किया कि इस आधार पर मूल्यांकन करना उचित नहीं होगा। केंद्रीय तथा राज्य अकादमियों के मार्गदर्शन के लिए एक अन्य विशेषज्ञ निकाय के गठन के सुझाव पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि अकादमियां कुल मिलाकर स्वयं एक विशेषज्ञ निकाय है। संभवत: केंद्रीय अकादमी समन्वय एजेंसी का काम कर सकती है। जहां तक इस प्रस्ताव का सम्बन्ध है कि अकादमी की महापरिषद में राज्य अकादमियों के प्रतिनिधि भी लिए जाने चाहिए, इसे महापरिषद के समक्ष रखा जाएगा।

कुछ राज्यों द्वारा किए गए प्रलेखन कार्य के सम्बन्ध में उनका मत था कि कबायली कलारूपों को पर्याप्त प्राथमिकता नहीं दी जा रही है और न ही प्रत्येक क्षेत्र में ऐसे कबीलों का पता लगाने का कार्य किया जा रहा है जो समाज के अत्यंत महत्वपूर्ण स्तर का प्रतिनिधित्व करते हैं। अत: प्रत्येक सम्बद्ध राज्य को चाहिए कि वह भारतीय नृविज्ञान सर्वेक्षण, जनगणना आयोग की रिपोर्ट, आदि की सहायता से एक मास की अवधि में, इन कबीलों की सूची तैयार करने का कार्यक्रम बनाए। संभवत: उड़ीसा तथा मध्य प्रदेश इस मामले में एक सम्मिलित कार्यक्रम बना सकते हैं। उन्होंने यह सुझाव भी दिया कि प्रत्येक अकादमी फिल्मीकरण, रिकार्डिंग, प्रकाशन आदि के किए गए कार्य पर एक टिप्पणी प्रस्तुत किया करे। प्रत्येक अकादमी को यह भी चाहिए कि वह प्रदर्शन कलाओं से सम्बन्धित स्थानीय उत्सवों की पूर्व सूचना

अन्य अकादमियों को दिया करे । यह निर्णय लिया गया कि इस प्रकार की जानकारी के आदान-प्रदान का कार्य तुरंत आरम्भ किया जाए ।

अंत में बैठक में निम्नलिखित संकल्प पेश तथा पारित किए गए :

(1) पारम्परिक प्रदर्शन कलाओं के परिरक्षण, विशेषकर कबायली स्तर पर; को अग्रता प्रदान की जाए । चूंकि इस उद्देश्य के लिए अकादमियों के पास उपलब्ध धनराशि पर्याप्त नहीं है, राज्य सरकारों एवं केंद्रीय सरकार से अनुरोध किया जाए कि वे विशेषकर पारम्परिक प्रदर्शन कलाओं के परिरक्षण के लिए अधिक निधियों का विनिधान करें ।

(2) प्रारम्भिक शिक्षा एवं प्रौढ़ शिक्षा के क्षेत्र में आगामी पंचवर्षीय योजना के दौरान पर्याप्त परिव्यय की व्यवस्था की जा रही है । पारम्परिक प्रदर्शन कलाओं को केन्द्र तथा राज्यों के शिक्षा कार्यक्रम में शामिल करने के प्रश्न पर विचार किया जाना चाहिए ।

(3) वास्तविक कलाकारों का पता लगाने के उद्देश्य से ग्रामीण एवं भीतरी क्षेत्रों में उत्सवों का सिलसिला जारी किया जाए तथा प्राप्त जानकारी अकादमियों के आदान-प्रदान के लिए उपलब्ध हो ।

(4) केंद्रीय अकादमी को प्रदर्शन कलाकारों को पेंशन देने की योजना आरंभ करने का यत्न करना चाहिए ।

(5) सम्बद्ध प्राधिकारियों को दूरदर्शन पर वृत्तचित्र दिखाने के शनिवार तथा रविवार के दिन बदलने के लिए प्रेरित करने के प्रयास किए जाने चाहिए क्योंकि बड़े नगरों में सामान्य सांस्कृतिक प्रदर्शनों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है ।

(6) पुरालेखों की सूची बनाने की विधियों का मानकीकरण किया जाना चाहिए। यह सुझाव भी दिया गया कि रिकार्डिंग, फिल्मीकरण, सूचीयन आदि की प्रलेखन विधि को निर्धारित करने की दृष्टि से पुरालेख अधिकारियों की सात-दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जानी चाहिए।

अंत में अध्यक्ष को धन्यवाद करने के पश्चात् बैठक समाप्त हुई।

योजनागत स्कीमें

आलोच्य वर्ष में, अकादमी ने पांचवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान चालू स्कीमों को जारी रखा।

1. प्रलेखन, अनुसंधान तथा अभिलेखागार की व्यवस्था

पांचवीं पंचवर्षीय योजना में चालू स्कीम वास्तव में चौथी पंचवर्षीय योजना के दौरान कार्यान्वित दो योजनागत स्कीमों का ही एक जारी रूप है। इस योजना का क्षेत्र बढ़ा दिया गया है और अब डिस्क, स्लाइड-किट, चित्र, एलबम, मोनोग्राफ आदि जैसी दृश्य-श्रव्य सामग्री तैयार करके जनता में संस्कृति सम्बन्धी जानकारी के प्रसार को भी इसके अंतर्गत शामिल कर लिया गया है।

इस स्कीम के अधीन, राजस्थान, तमिलनाडु, कर्नाटक, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश के कुछ प्रमुख लोक एवं शास्त्रीय कलारूपों को चित्रित (श्याम-श्वेत तथा रंगीन स्लाइड) एवं रिकार्ड किया गया है। कुछेक की फिल्में भी बनाई गई हैं।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, इस स्कीम के अधीन बंगलौर में अकादमी द्वारा आयोजित एक छाया रंगमंच उत्सव को रिकार्डों एवं चित्रों के रूप में प्रलेखित किया गया है।

प्रत्येक वर्ष की भांति, इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस उत्सव के दौरान प्रदर्शित लोक नृत्यों को रिकार्डों, चित्रों एवं फिल्मों के रूप में प्रलेखित किया गया है।

वर्ष के दौरान अभिलेखागार द्वारा हैदराबाद के विख्यात विद्वान मंचला श्री जगन्नाथ राव द्वारा प्रस्तुत दुर्लभ चौत्राग्नय पदम की विशेष रिकार्डिंग की गई।

अकादमी के अभिलेखागार के लिए उस्ताद हफ़ीज़ अली ख़ान द्वारा गाई गई फ़ैज़ अहमद फ़ैज़ की ग़ज़लों को संगीतकार-कवि की उपस्थिति में रिकार्ड किया गया।

अभिलेखागार ने बृंदावन तथा अयोध्या की रासलीला की रिकार्डिंग की, उसकी फिल्में और चित्र लिए और उन्हें अपने संग्रह में शामिल किया।

प्रलेखित सामग्री की विस्तृत सूची "अकादमी टेप संग्रहालय शीर्षक" के अंतर्गत दी जा रही है।

सामग्री-प्रसार

अकादमी का प्रलेखन एकक भारत में अभिनय परम्पराओं के जरूरतमंद विद्वानों तथा विद्यार्थियों के अनुरोध पर रिकार्डित सामग्री, चित्रों, स्लाइडों तथा कुछ मामलों में फ़िल्मों की प्रतियां मुहैया कर के संग्रहीत सामग्री के प्रसार का काम निरंतर करता रहा है। बाहरी मांगों पर डुप्लीकेशनों को देने के अतिरिक्त अभिलेखागार समय-समय पर ऐसे शोध छात्रों और विद्वानों को पहले का रिकार्ड किया गया संगीत भी सुनवाता है, जिसके लिए वे अनुरोध करें। इसी प्रकार, अभिलेखागार ज़रूरतमंद विद्वानों एवं विद्यार्थियों के अनुरोध पर उन्हें फ़िल्म-होल्डिंग भी दिखाता है।

2. संगीत-विज्ञान अनुसंधान एकक

चौथी योजना की अवधि के दौरान इस स्कीम का मुख्य उद्देश्य सरगम के विषय में तथा रागों के प्रति मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया का अध्ययन प्रारंभ करना था । बांसुरी, सारंगी, नागस्वरम, मृदंगम तथा तबला जैसे संगीत वाद्यों के सुर-लक्षणों पर अभी और आगे अनुसंधान जारी रहेगा । भौतिक, शारीरिक क्रिया तथा मनोवैज्ञानिक दृष्टि से भी संगीत में अनुसंधान कार्य जारी रहेगा ।

निम्नलिखित व्यक्तियों को उनके सामने उल्लिखित प्रयोजन के लिए अनुसंधान अनुदान स्वीकृत किए गए और उनकी अदायगी की गई :

i) डा० के० एस० राघवेन्द्र राव को रु० 6,000.00 कर्नाटक रागों के संगीत वाद्यों के अध्ययन के लिए

ii) डा० मानस राय चौधरी को रु० 7,500.00 विभिन्न संगीत अनुभूतियों तथा सृजन दशाओं के फलस्वरूप मनो-वैज्ञानिक-शारीरिक परिवर्तन की प्रकृति की जांच के लिए

iii) श्री बालकृष्ण दाजीबा मोहिते को रु० 2,500.00 श्रुति हार्मोनियम के बनाने के लिए

भारतीय संगीत वाद्यों के अध्ययन में कम्प्यूटर टैक्नालोजी तथा गणितीय तकनीकों के प्रयोग पर मद्रास में फरवरी 25 से 28, 1979 तक एक अति सफल संगोष्ठी आयोजित की गई । संगोष्ठी का उद्घाटन संयुक्त राष्ट्र संघ के श्री सी० वी० नरसिंहन ने किया । उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता राज्यसभा सदस्य एवं भूतपूर्व उपमहा निदेशक, यूनेस्को, डा० मैल्कम आदिशेषैया ने की । संगोष्ठी का आयोजन मद्रास विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं संगीत विभाग के सहयोग से किया गया ।

3. संगीत, नृत्य एवं नाटक में विशिष्ट प्रशिक्षण के लिए अध्येतावृत्ति

यह स्कीम मूलत: चौथी पंचवर्षीय योजना के दौरान शिक्षा मंत्रालय की ओर से चालू की गई थी । अब पांचवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इसे अकादमी की एक स्कीम के रूप में जारी रखा गया है । इस स्कीम के अंतर्गत उच्च कोटि की दक्षता प्राप्त करने के लिए विख्यात गुरुओं / संस्थाओं के अधीन उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रदर्शन कलाओं के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को अध्येतावृत्तियां प्रदान की जाती हैं । अध्येतावृत्ति की राशि प्रति मास रु0 500.00 है । गुरु को भी इतनी ही राशि मिलती है । प्रत्येक अधिसदस्य को प्रतिवर्ष साज़ सामान के लिए अधिकतम रु0 1000.00 की राशि भी दी जा सकती है ।

कुचिपुडी में छह चुनींदा शिष्यों को उच्च प्रशिक्षण देने के लिए गुरु वेदांतम प्रह्लाद शर्मा को साल भर के लिए रु0 500.00 प्रति मास की अध्येता वृत्ति दी गई है ।

4. पारंपरिक प्रदर्शन कलाओं के दुर्लभ रूपों का संवर्धन एवं परिरक्षण

इस स्कीम के अंतर्गत, अकादमी ने वित्तीय वर्ष के अंत में पारम्परिक रंगमंच के दो दुर्लभ रूपों को आयोजित एवं प्रस्तुत किया । ये दो रूप थे कश्मीर का भाण्ड पाथेर तथा हिमाचल प्रदेश का करियाला । इन दोनों क्षेत्रों से प्रतिनिधि मंडलियों को दिल्ली में आयोजित उत्सव में प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया गया । अभिलेखागार यूनिट ने फिल्मीकरण, रिकार्डिंग तथा चित्रण द्वारा इन दोनों रूपों का प्रलेखन किया ।

संरक्षण के अभाव में कई कलारूपों को " दुर्लभ " समझा तथा माना गया है और इस स्कीम के अंतर्गत अकादमी इन्हें जीवित रखने का प्रयास कर रही है । इन कला रूपों को विद्यार्थी प्रशिक्षण कार्यक्रम और / या

प्रदर्शन अनुदानों के माध्यम से जीवित रखा जा रहा है । वर्ष के दौरान निम्नलिखित कलारूपों को सहायता दी गई :

कुडियत्तम (केरल)
पवकुत्तु (केरल)
चामद्याचा बाहुल्य (महाराष्ट्र)
कलासूत्री बाहुल्य (महाराष्ट्र)
रणमलय (गोवा)
पटुआ (पश्चिम बंगाल)
भौना (असम)
रावण छाया (उड़ीसा)
भगवत मैला (तमिलनाडु)

कत्थक केंद्र - कत्थक संस्थान

संगीत नाटक अकादमी के अधीन चल रहा प्रशिक्षण संस्थान, कत्थक केंद्र, बहावलपुर हाउस में है । यह एक छात्रावास भी चलाती है जोकि इसी परिसर में स्थित है । 31 मार्च, 1979 को छात्रावास में 17 व्यक्ति थे ।

कर्मचारी वर्ग

निम्नलिखित गुरु / शिक्षक केंद्र के कर्मचारी वर्ग में हैं :

श्री बिरजू महाराज - कत्थक गुरु
श्री कुंदनलाल गंमानी - कत्थक गुरु
श्री मुन्ना लाल शुक्ला - कत्थक शिक्षक
श्रीमती रेबा विद्यार्थी - कत्थक शिक्षक
श्री पुरुषोत्तम दास - पखावज शिक्षक
श्री माणिक प्रसाद मिश्र - तबला शिक्षक
कु० आइरेन राय चौधरी - संगीत (ठुमरी) शिक्षक

छात्र

31 मार्च को केंद्र में 83 छात्र थ :

त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम	31
विशेष नृत्य पाठ्यक्रम	12
ठुमरी	6
पखावज	5
प्रारंभिक	29
विदेशी छात्र	शून्य

नए दाखिले

वर्ष के दौरान 28 नए छात्रों ने दाखिला लिया : 9 त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में, 2 विशेष नृत्य पाठ्यक्रम में, 2 संगीत में, 1 पखावज में तथा 14 प्रारम्भिक पाठ्यक्रम में ।

छात्रवृत्तियां

केंद्र की छात्रवृत्ति योजना के अधीन 11 विद्यार्थी थे तथा युवा कर्मचारी योजना के अंतर्गत 5 भारत सरकार के छात्रवृत्ति पाने वाले थे । केंद्र ने 4 योग्य विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त करने की अनुमति दी ।

परीक्षाएं

आलोच्य वर्ष के दौरान 8 विद्यार्थियों ने त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम, 12 ने विशेष नृत्य पाठ्यक्रम तथा एक ने पंचवर्षीय प्रारम्भिक पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया । वार्षिक परीक्षाओं के लिए नृत्य हेतु दो बाहरी परीक्षक (दिल्ली विश्वविद्यालय के डा० एस० के० सक्सेना तथा श्री विक्रम सिंह, निदेशक, कत्थक केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ) तथा संगीत

हेतु एक (प्रो० दिलीप चंद्र वेदी, प्रोड्यूसर एमेरिटस, आकाशवाणी, दिल्ली) थे। बाहरी परीक्षकों ने केंद्र में दिए जा रहे प्रशिक्षण के स्तर पर अपना सामान्य संतोष व्यक्त किया।

कार्यशाला

अयोध्या तथा वृंदावन के मंदिरों में तथा मंदिरों के बाहर प्रचलित कत्थक नृत्य की परम्पराओं के बीच क्या कोई सम्बन्ध है - इस प्रश्न को समझने के लिए केंद्र ने "कत्थक और उसकी मंदिर की पृष्ठभूमि" विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला का आयोजन डा० (श्रीमती) कपिला वात्स्यायन की अध्यक्षता में हुआ। भाग लेने वालों में प्रसिद्ध संगीतकार एवं संगीत शास्त्री डा० प्रेमलता शर्मा तथा नृत्य-संगीत के विद्वान एवं लोक तथा पारम्परिक प्रदर्शन कलाओं के विशेषज्ञ यथा डा० एस० के० सक्सेना, श्री कार्तिक रामजी, श्रीमती रोहिणी भट, डा० इन्दुजा अवस्थी, श्री नेमीचंद्र जैन, श्री बिरजू महाराज, श्री कृष्णकुमार, डा० सुरेश अवस्थी, श्री राम नारायण अग्रवाल, डा० वसंत यमदाग्नि तथा अन्य थे। कार्यशाला का विशेष आकर्षण था अयोध्या मंदिर के वरिष्ठ कत्थककार श्री ओंकार प्रसाद मिश्र का व्याख्यान-प्रदर्शन। 27-3-1979 को त्रिवेणी कला संगम के ओपन एयर थियेटर में ओंकार प्रसाद मिश्र तथा साथियों द्वारा अयोध्या मंदिर के पारम्परिक कथावाचन तथा स्वामी हरिगोविंद जी के नेतृत्व में रासधारी मंडली द्वारा वृंदावन मंदिर की परम्परा के प्रदर्शन से उपस्थित जनों को इन दोनों पारम्परिक शैलियों को समझने में सहायता मिली।

बैले एकक

केंद्र के बैले एकक में निम्नलिखित कलाकार हैं :

श्रीमती भारती गुप्ता

श्री तीर्थ अजमानी

श्री प्रदीप शंकर

श्री कृष्ण मोहन मिश्र

श्रीमती गीतांजली लाल

कुमारी सरस्वती सेन

<u>कार्यक्रम</u>

अपने वार्षिक कार्यक्रम के भाग के रूप में केंद्र ने दिल्ली में निम्नलिखित बैले प्रस्तुत किए :

कृष्णायन	तीन शो
कथा रघुनाथ की	पांच शो
होरी धूम मचो री	तीन शो

केंद्र ने बसंत पंचमी के आसपास जनवरी 30, 31 तथा फरवरी 1, 1979 को बिंदादीन जयंती के सम्बन्ध में एक तीन दिवसीय प्रदर्शन का आयोजन किया । पहले दो दिन केंद्र ने "कल का कत्थक कलाकार" प्रस्तुत किया । केंद्र की सभी कक्षाओं के चुनीदा विद्यार्थियों के अतिरिक्त अन्य संस्थाओं के युवा विद्यार्थियों को भी इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया । इस प्रकार नृत्य भारती, पुणे के तीन विद्यार्थियों तथा गंधर्व महाविद्यालय, दिल्ली के एक विद्यार्थी ने इस कार्यक्रम में भाग लिया जिसकी दिल्ली के समाचार-पत्रों के सभी समीक्षकों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की । तीसरे दिन केंद्र ने बैले रूपों में से दृश्य प्रस्तुत किए ।

उपर्युक्त के अतिरिक्त निम्नलिखित प्रायोजित कार्यक्रम भी किए गए :

अप्रैल 18, 1978 को राष्ट्रपति भवन में मुग़ल युगलगान

नवम्बर 2, 1978 को अशोक होटल में शाही महफ़िल

जनवरी 6, 1979 को फ़िक्की हाल में शाही महफ़िल

जनवरी 12, 1979 को दीवाने आम, लाल किला में कत्थक
नृत्य कार्यक्रम

मार्च 13, 1979 को राष्ट्रपति भवन में कत्थक नृत्य कार्यक्रम

मार्च 4, 1979 को दूरदर्शन केंद्र में फागुन-के-दिन-चार

मार्च 9, 1979 को राष्ट्रपति भवन में एक कार्यक्रम

बैले एकक ने निम्नलिखित विवरण के अनुसार दिल्ली के बाहर भी कार्यक्रम प्रायोजित किए :

भिलाई - अगस्त 30, 31, 1978 को कृष्णायन

कानपुर - फ़रवरी 10, 1979 को नृत्य कार्यक्रम

नाथद्वारा - फ़रवरी 26 तथा 27, 1979 को नृत्य कार्यक्रम

प्रायोजित विदेश यात्राएं

भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद् के निमंत्रण पर बैले यूनिट की एक नर्तकी कुमारी सरस्वती सेन ने मई 20 तथा जून 2 के मध्य जापान के विभिन्न नगरों में नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए ।

संस्कृति विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली के निमंत्रण पर केंद्र के बैले एकक ने सितम्बर 17 से 29, 1978 के बीच सीरिया, अबू ज़ाबी तथा अदन का दौरा किया ।

भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद् के ही निमंत्रण पर बैले एकक ने जनवरी 22 तथा 29, 1979 के मध्य नेपाल का दौरा किया ।

नई सलाहकार समिति

संगीत नाटक अकादमी के अधिशासी मंडल ने दिसम्बर 15, 1978 को हुई अपनी बैठक में केंद्र की सलाहकार समिति का पुनर्गठन निम्नलिखित रूप में किया :

अध्यक्ष : डा० (श्रीमती) कपिला वात्स्यायन

सदस्य : श्री मोहनराव कल्लियाणपुरकर

डा० (कु०) प्रेमलता शर्मा

श्रीमती कुमुदिनी लखिया

श्रीमती रोहिणी भट

श्री बिरजू महाराज

सचिव, संगीत नाटक अकादमी, तथा

सहायक सचिव (नृत्य), संगीत नाटक अकादमी।

